


पर्यटन भवन में शुक्रवार को एक दिवसीय मेगा एक्सपोर्ट्स कॉन्क्लेव में स्टॉल पर सामान देखते मंत्री सुरेश खन्ना।

# निर्यात के नए बाजार तलाशने हैं: खन्ना

लखनऊ | मुख्य संवाददाता

कोविड काल में भी सूबे ने निर्यात में नई ऊंचाइयां हासिल कीं। पर्यटन भवन में आयोजित एक दिवसीय मेगा एक्सपोर्ट्स कॉन्क्लेव में संसदीय कार्य एवं चिकित्सा मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि राज्य ने उन देशों को भी निर्यात किया जो विकसित हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 में एक लाख 21 हजार करोड़ रुपए का निर्यात किया गया। हमें नए बाजार तलाशने हैं ताकि निर्यात को और बढ़ावा दिया जाए।

उन्होंने कहा कि यह बड़ी बात है कि वियतनाम में हमारे राज्य की अगरबत्ती पसंद की जा रही है। विकसित देश कहे जाने वाले जापान, अमेरिका, कोरिया में हमारे उत्पादों की खपत हो रही है। ओडीओपी योजना ने निर्यात को मजबूती प्रदान की है। लखनऊ से वित्तीय वर्ष 2021-22 में अब तक 846.47 करोड़ का निर्यात हुआ है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक यह 1198 करोड़ पहुंच जाएगा इसकी उम्मीद है। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र लखनऊ की ओर से किया गया। कार्यक्रम को महापौर संयुक्ता भाटिया ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सीडीओ अश्विनी कुमार पाण्डेय, सहायक डीजीएफटी हिमांशु पाण्डेय ईसीजीसी कानपुर के प्रबंधक स्वदेश दीपक भी मौजूद रहे।

## आकर्षण का केंद्र बने स्टॉल

कार्यक्रम में राजधानी के निर्यातकों ने अपने स्टाल भी लगाए थे। इनमें चिकनकारी, जरी जरदोजी, इंजीनयरिंग उपकरण, अगरबत्ती, मसाला, जूट उत्पाद आदि के कुल 20 स्टाल लगाए गए थे। इस मौके पर ओडीओपी योजना की निर्यात में उपयोगिता के सबंध में बताया गया।